दिनांक 03–02–2024 को रसायन विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ ज्योति भदौरिया एवं भौतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रकाश दुबे ने के आर गर्ल्स कॉलेज लखना कि छात्रों को व्याख्यान देकर मार्गदर्शन किया।

युवतियों को सक्षम बनाना ही सशक्तीकरण : डॉ. ज्योति

केआर गर्ल्स इंटर कॉलेज में व्याख्यान हुआ

नारी सशक्तिकरण से संबंधित उद्‌बोधन सुनतीं छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। लखना स्थित केआर गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण के लिए व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया।

रसायन विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति भदौरिया ने कहा कि युवतियों के वास्तविक अधिकार बताकर उन्हें सक्षम बनाना ही महिला सशक्तीकरण है।

मंगलवार को कार्यक्रम में जनता कालेज बकेवर के दो प्राध्यापकों ने विद्यालय की छात्राओं को व्याख्यान दिए। डॉ. ज्योति भदौरिया ने कहा कि एक युवती पारिवारिक व सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में जब स्वयं से जुड़े फैसले अच्छे से ले सकती हों तो इसे महिला सशक्तिकरण कहते हैं।

भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रकाश दुबे ने मानव मूल्य और नैतिकता विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। कहा कि दया, करुणा और परोपकार आदि मानवीय मूल्यों को परिष्कृत कर समाज और राष्ट्र की सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। प्रधानाचार्य चंद्रलता गुप्ता ने अतिथियों का सम्मान किया। कल्पना गुप्ता, प्रीति यादव, नेहा यादव, अरुणा यादव, सारिका देवी,उदयेंद्र यादव, आशीष चौबे, रोशनी, नेहा, रौनक, आकांक्षा, तनिष्का, डोली मौजूद रहीं।

'समाज व राष्ट्र की सेवा हर नागरिक का कर्तव्य'

संवाद सूत्र, बकेवर: केआर गर्ल्स इंटर कालेज लखना में छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण हेतु व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। इसमें जनता कालेज बकेवर के दो प्राध्यापकों ने व्याख्यान दिए। भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा. प्रकाश दुबे ने मानव मूल्य और नैतिकता विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि दया, करुणा और परोपकार आदि मानवीय मूल्यों को परिष्कृत कर समाज और राष्ट्र की सेवा करना प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है। नैतिकता का समावेश व्यक्ति को समाज में रहने योग्य बनाता है।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या चंद्रलता गुप्ता ने अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में कल्पना गुप्ता, प्रीति यादव, नेहा यादव, अरुणा यादव, सारिका देवी, उदयेंद्र यादव, आशीष चौबे आदि शिक्षकों सहित कालेज की रोशनी, नेहा, रौनक, आकांक्षा, तनिष्का, डोली, रितिका, नैना वर्मा आदि छात्राएं उपस्थिति रहीं।

☎ 05680-223561

के० आर० गर्ल्स इण्टर कालेज

लखना, इटावा (उ०प्र०)

E-mail : principal.krgic@gmail.com

दिनांक..03/2/24....

प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक–03.02.2024 को सहायक प्रोफेसर डॉ० प्रकाश दुबे प्रभारी भौतिकी विभाग जनता कालेज बकेवर इटावा ने छात्राओं को **"मान व मूल्य और नैतिकता"** विषय पर व्याख्यान देकर मार्गदर्शित किया।

03/02/24

प्रधानाचार्या
के० आर० गर्ल्स इण्टर कालेज
लखना (इटावा)

के० आर० गर्ल्स इण्टर कालेज

लखना, इटावा (उ०प्र०)

E-mail : principal.krgic@gmail.com

दिनांक..03/2/24...

प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक–03.02.2024 को सहायक प्रोफेसर डॉ० ज्योति भदौरिया विभागाध्यक्ष रसायन विभाग जनता कालेज बकेवर इटावा ने छात्राओं को **"महिला सशक्तिकरण"** विषय पर व्याख्यान देकर मार्गदर्शित किया।

03/02/24

प्रधानाचार्या
के० आर० गर्ल्स इण्टर कालेज
लखना (इटावा)